महिला कबड्डी विश्व कप 2025 बिहार में आयोजित किया जाएगा

चर्चा में क्यों?

बिहार मार्च 2025 में **राजगीर स्पोर्ट्स अकादमी** के इनडोर हॉल में **महिला कबड्डी विश्व कप की** मेज़बानी करेगा।

मुख्य बिंदु

- इसमें भारत, चीन, जापान, दक्षिण कोरिया, नेपाल, पाकिस्तान, ईरान, इंडोनेशिया, श्रीलंका, थाईलैंड, पोलैंड, अर्जेंटीना और दक्षिण अफ्रीका सहित कुल **14 देशों के भाग लेने की आशा है।**
- **बिहार** दूसरी **बार महिला कबड्डी विश्व कप** की मेजबानी करेगा , इससे पहले **2012 में पटना के पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स** में इस आयोजन की मेजबानी की गई थी।

महिला कबड्डी विश्व कप

- महिला **कबड्डी विश्व कप** महिला टीमों के लिये एक अंतर्राष्ट्रीय कबड्डी प्रतियोगिता है।
- इसका आयोजन **अंतर्राष्ट्रीय कबड्डी महासंघ** (IKF) द्वारा किया जाता है।
- इस टूर्नामेंट में दुनिया भर की शीर्ष कबड्डी टीमें खिताब के लिये प्रतिस्पर्द्धा करती हैं।
- पहला **महिला कबड्डी विश्व कप 2012 में पटना, बिहार** में आयोजित किया गया था।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/womens-kabaddi-world-cup-2025-to-be-held-in-bihar